>

Title : Need to expedite the construction of irrigation projects in Karauli-Dholpur Parliamentary Constituency, Rajasthan to address the problem of shortage of drinking water.

श्री खिलाड़ी लाल बैरवा (करौली धौलपुर): मैं मेरे संसदीय क्षेत्र करौली-धौलपुर, राजस्थान की अति महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में सदन का ध्यान आकर्Âि ित करना चाहता हूं, जिसमें (1) चम्बल पांचना जगर पेयजल लिफ्ट परियोजना व (2) धौलपुर लिफ्ट सिंचाई योजना है। लंबे समय से ये दोनों योजनाएं लंबित हैं। मेरा क्षेत्र दस्यु प्रभावित व डांग क्षेत्र है। इन योजनाओं की स्वीकृति अति आवश्यक है। दिनांक 25 अप्रैल, 2011 को स्टैंडिंग कमेटी ऑफ नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ ने यह मानकर कि यह चम्बल घड़ियाल क्षेत्र है। इसमें से अब अनुमति संभव नहीं है जबकि चम्बल पांचना जगर पेयजल योजना है और मात्र बरसात के तीन माह ही पानी को लिफ्ट होना है। मेरे क्षेत्र में पेयजल की भयंकर कमी हो रही है लोग जल की कमी से त्रस्त हैं। इन योजनाओं पर पुनः विचार कर स्वीकृति दिलाई जाए, जिससे मेरे क्षेत्र के लोगों को पेयजल उपलब्ध हो सके व मेरे क्षेत्र के लोगों को, जो चम्बल के पास बसे हैं, उनको चम्बल के पानी की प्राथमिकता दी जाए।